Seventeenth Loksabha

>

Title: Need for action against the officers who are harrasing the land holders in Khadur Sahib Parliamentary Constituency,Punjab

श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब): स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से सरकार और रोड-हाईवे मिनिस्टर नितिन गडकरी जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिन्होंने हमारे क्षेत्र को दो बहुत ही महत्वपूर्ण रोड्स, जिसमें ब्यास से डेरा बाबा नानक शाह, जहां पर गुरु नानक साहब गुरुद्वारा जाने का कॉरिडोर बना है, वह है और दूसरी रोड अमृतसर से डांडा वाया मेहता एवं श्री हरगोबिन्दपुर है और तीसरी रोड भटिण्डा से डबवाली है। ये पर्यटन, धर्म, व्यापार और सेना से जुड़ी हुई बहुत ही महत्वपूर्ण रोड है। इन्हें फोर-लेन करने की मंजूरी दी गई है।

सर, वहां इसमें एक प्रॉब्लम यह आ रही है कि वहां लोगों की बहुत थोड़ी-थोड़ी लैंड होल्डिंग्स हैं और कई ने उन पर अपने घर और दुकानें बनाई हुई हैं। जो ऑफिसर्स उसकी अवार्ड दे रहे हैं, उसके पैसे मार्केट रेट से बहुत ही कम हैं।

सर, उसका दो कारण हैं, एक तो वे लोगों को तंग करना चाहते हैं और दूसरा, उनको कोई लालच है। मैं आपको एक एग्जाम्प्ल दे रहा हूँ कि वहाँ एक हॉस्पिटल बना है, उसको उन्होंने रख लिया और उसके साथ जो पैलेस बना है, उसे छोड़ दिया। ऐसे भी डभवाली जो भटिंडा रोड है, उसके ऊपर पेट्रोल पंप बना है, रेस्टोरेन्ट बना है, उसे आगे रख लिया और वहाँ एक स्टील प्लांट है, उसे छोड़ दिया।

सर, मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से गुजारिश है कि हमें एक ऐसा प्रावधान करना चाहिए कि जो ऑफिसर्स लोगों को परेशान करते हैं, वहाँ के लोग अपना घर-बार तथा दुकान छोड़कर माइग्रेन्ट हो जाते हैं। आज उनको तंग किया जा रहा है। ऐसे ऑफिसर्स के ऊपर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इन्हें जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। यदि किसी गरीब आदमी की जमीन का मूल्य मार्केट से कम आँका जाता है तो उस ऑफिसर को बच के नहीं जाने दिया जाए। धन्यवाद।

HON. SPEAKER: Shri Khagen Murmu – Not present.